<u>ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल</u>

विषय – हिंदी कक्षा –सात अभ्यास पत्र दिसंबर (2024-2025)

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

वीरता की अभिव्यक्ति अनेक प्रकार से होती है। लड़ना-मरना, खून बहाना, तोप-तलवार के सामने न झुकना ही नहीं, कर्ण की भाँति याचक को खाली हाथ न लौटाना या बुद्ध की भाँति गूढ़ तत्वों की खोज में सांसारिक सुख त्याग देना भी वीरता ही है। वीरता तो एक अंत:प्रेरणा है। वीरता देश-काल के अनुसार संसार में जब भी प्रकट हुई तभी अपना एक नया रूप लेकर आई और लोगों को चकित कर गई। वीर कारखानों में नहीं ढलते, न खेतों में उगाए जाते हैं, वे तो देवदार के वृक्ष के समान जीवनरूपी वन में स्वयं उगते हैं, बिना किसी के पानी दिए, बिना किसी के दूध पिलाए बढ़ते हैं। वीर का दिल सबका दिल और उसके विचार सबके विचार हो जाते हैं। उसके संकल्प सबके संकल्प हो जाते हैं। औरतों और समाज का हृदय वीर के हृदय में धड़कता है।

(क) वीरता के प्रकार हैं

(i) लड़ना-मरना, खून बहाना,
(ii) याचक को खाली हाथ न जाने देना
(iii) ज्ञान की खोज में संसार-त्याग देना
(iv) उपर्युक्त सभी

(ख) वीर कहाँ उत्पन्न होते हैं?

(i) वे देवदार के वृक्ष के समान स्वयं उगते हैं तथा बड़े होते हैं।
(ii) कारखानों में
(iii) खेतों में
(iv) उपर्युक्त सभी जगह

(ग) वीर पुरुष की क्या पहचान है?

(i) वह सबका चहेता होता है।
(ii) उसके संकल्प समाज के संकल्प होते हैं।
(iii) (क) व (ख)
(iv) कोई नहीं।

(घ) वास्तव में वीरता क्या है ?

ड़) 'याचक' और 'वीरता' शब्दों के विलोम शब्द लिखिए|

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ के आधार पर भेदों के नाम लिखिए -

क) फैक्ट्रियाँ लगने से प्रदूषण बढ़ गया है।
ख) ऐसी सरदी में बाहर मत जाओ।
ग) ऐसी धूप में बाहर कौन खड़ा है?
घ) यह काम कल तक ज़रूर पूरा कर देना।
ङ) हमने चाहा था कि हम साथ-साथ रहें।
च) यदि डॉक्टर समय पर आ जाते तो मरीज की जान बच जाती।

प्रश्न 3.निम्न प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में दीजिए।

1) धनराज जी के इस साक्षात्कार से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?
2) 'भोर और बरखा' पाठ के आधार पर बरखा पद के भाव अपने शब्दों में लिखिए |

प्रश्न 4. 'कविता गायन प्रतियोगिता' में प्रथम आने पर छोटे भाई को 25 से 30 शब्दों में संदेश लिखिए |

प्रश्न 5 . दिवाली पर प्रदूषण न फैलाने के लिए 15-20 शब्दों में एक नारा लिखिए |